दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 29-10-2024

# 2023-24 में सबके प्रयासों से मिल ने संतोषजनक प्रगति की : सीएमडी



भास्कर संवाददाता | नेपानगर

नेपा लिमिटेड की 77वीं वार्षिक साधारण सभा मिल के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सभागार में हुई। शुरुआत में कंपनी सचिव निधि मिश्रा ने एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अध्यक्षता करते हुए नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने बैठक में उपस्थित सभी निदेशकों और अतिथियों को धन्यवाद दिया और कंपनी की प्रगति में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा- मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सभी के प्रयासों से मिल ने संतोषजनक प्रगति की है।

सीएमडी ने कहा- हमने कई चुनौतियों का सामना किया, जिनमें संयंत्र संचालन की स्थिरता, कच्चे माल की उच्च लागत और नए कार्यबल के प्रशिक्षण शामिल थे। हमने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए और संस्थान को पुनर्जीवित करने में सफल भी रहे। जो हमारी क्षमताओं को बढ़ाता है। हमें विश्वास है कि जल्द ही हम अपने उत्पादों पर सम्मानजनक लाभ अर्जित कर पाएंगे। हम अपने कर्मचारियों के लिए काम की स्थितियों में सुधार करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नेपानगर और आसपास प्रदूषण में कमी आई

सीएमडी ने कहा- हमने रिसाइकल तकनीक को अपनाकर पर्यावरण की स्थिति में सुधार किया है। इससे नेपानगर और आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण में कमी आई है। हम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और शासकीय योजनाओं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत अभियान के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए सतत काम कर रहे हैं। वार्षिक साधारण सभा में स्वतंत्र निदेशक और ऑडिट, नामांकन और पारितोषिक समिति के अध्यक्ष मिलिंद शरदचंद्र कानडे, नामित निदेशक मध्य प्रदेश शासन अतुल कुमार मिश्रा वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। साथ ही निदेशक वित्त पीके नाईक, केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उप सचिव केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय अरुण कुमार सरकार, महाप्रबंधक एमपीआईडीसी राजेश भारती, मुख्य महाप्रबंधक कार्य और परियोजना आर. अलागेसन, महाप्रबंधक वाणिज्यिक और विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र कुमार मेहता, प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केसरी, मुख्य वित्त अधिकारी विकास रेड्डी, कंपनी के स्टेट्यूटरी ऑडिटर्स उपस्थित थे।

# नेपा लिमिटेड की 77 वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न




**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर।** नेपानगर में नेपा लिमिटेड की 77 वीं वार्षिक साधारण सभा 26 अक्टूबर, 2024 को नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में कंपनी सचिव निधि मिश्रा ने एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने बैठक में उपस्थित सभी निदेशकों और अतिथियों का धन्यवाद किया और कंपनी की प्रगति में उनके योगदान की सराहना की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उपस्थित अतिथियों को संबोधित करते हुएं उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है। कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में हमने संतोषजनक प्रगति की है। हमने कई चुनौतियों का सामना किया,जिनमें संयंत्र संचालन की स्थिरता,कच्चे माल की उच्च लागत,और नए कार्यबल के प्रशिक्षण शामिल थे। लेकिन हमने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए और संस्थान को पुनर्जीवित करने में सफल भी रहे,जिससे हम अपने ग्राहकों को स्वीकार्य और बाजार में विक्रय योग्य उत्पाद प्रदान कर सकें। उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए आगे कहा कि नेपा लिमिटेड ने उत्पादन में उत्तरोत्तर प्रगति की है,और अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में लेखन और प्रिंटिंग पेपर को भी शामिल किया है, जो हमारी क्षमताओं को बढ़ाता है। हमें विश्वास है कि जल्द ही हम अपने उत्पादों पर सम्मानजनक लाभ अर्जित कर पाएंगे। हम अपने मानव संसाधन और समर्पित कार्यबल के साथ, संस्थान के भाग्य को बदलने के लिए अथक प्रयास और परिश्रम कर रहे हैं। हम अपने कर्मचारियों के लिए काम की स्थितियों में सुधार करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने रिसाइकल तकनीक को अपनाकर पर्यावरण की स्थिति में सुधार किया है। जिससे नेपानगर और आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण में कमी आई है। हम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और शासकीय योजनाओं जैसे बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत अभियान के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए सतत काम कर रहे हैं। इस वार्षिक साधारण सभा में स्वतंत्र निदेशक और ऑडिट,नामांकन और पारितोषिक समिति के अध्यक्ष मिलिंद शरदचंद्र कानडे, नामित निदेशक,मध्य प्रदेश शासन अतुल कुमार मिश्रा वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहें। साथ ही,निदेशक वित्त पी.के.नाइक, केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उप सचिव,केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय, अरुण कुमार सरकार, महाप्रबंधक, एमपीआईडीसी राजेश भारती,मुख्य महाप्रबंधक(कार्य और परियोजना)आर. अलागेसन, महाप्रबंधक (वाणिज्यिक और विपणन)अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र कुमार मेहता,प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केसरी,मुख्य वित्त अधिकारी विकास रेड्डी एवं कम्पनी के स्टैट्यूटरी ऑडिटर्स भी उपस्थित थे।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 29 Oct 2024

**नेपानगर मिल** 77वीं वार्षिक साधारण सभा में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षण रिपोर्ट की प्रस्तुत

# हम अपने प्रयास से संस्थान को पुनर्जीवित करने में सफल रहे

**स्वदेश समाचार ■ बुरहानपुर**




नेपा लिमिटेड की 77वीं वार्षिक साधारण सभा मिल के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सभागार में हुई। शुरुआत में कंपनी सचिव निधि मिश्रा ने एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

अध्यक्षता कर रहे नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने बैठक में उपस्थित सभी निदेशकों और अतिथियों का धन्यवाद किया और कंपनी की प्रगति में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में हमने संतोषजनक प्रगति की है। हमने कई चुनौतियों का सामना किया, जिनमें संयंत्र संचालन की स्थिरता, कच्चे माल की उच्च लागत और नए कार्यबल के प्रशिक्षण शामिल थे। हमने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए और संस्थान को पुनर्जीवित करने में सफल भी रहे जिससे हम अपने ग्राहकों को स्वीकार्य और बाजार में विक्रय योग्य उत्पाद प्रदान कर सकें। उन्होंने नेपा लिमिटेड ने उत्पादन में उत्तरोत्तर प्रगति की है और अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में लेखन और प्रिंटिंग पेपर को भी शामिल किया है जो हमारी क्षमताओं को बढ़ाता है।

**रिसाइकल तकनीक को अपनाकर प्रदूषण कम किया-** सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने आगे कहा हमने रिसाइकल तकनीक को अपनाकर पर्यावरण की स्थिति में सुधार किया है। जिससे नेपानगर और आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण में कमी आई है। हम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और शासकीय योजनाओं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत अभियान के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए सतत काम कर रहे हैं। इस वार्षिक साधारण सभा में स्वतंत्र निदेशक और ऑडिट, नामांकन और पारितोषिक समिति के अध्यक्ष मिलिंद शरदचंद्र कानडे, नामित निदेशक मध्य प्रदेश शासन अतुल कुमार मिश्रा वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।साथ ही निदेशक वित्त पीके नाईक, केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उप सचिव केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय अरुण कुमार सरकार, महाप्रबंधक एमपीआईडीसी राजेश भारती, मुख्य महाप्रबंधक कार्य और परियोजना आर अलागेसन, महाप्रबंधक वाणिज्यिक और विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र कुमार मेहता, प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केसरी, मुख्य वित्त अधिकारी विकास रेड्डी, कम्पनी के स्टैट्यूटरी ऑडिटर्स भी उपस्थित थे।

पत्रिका

77वीं वार्षिक साधारण सभा | नेपा मिल सीएमडी बोले- वित्तीय वर्ष 2023.24 में की संतोषजनक प्रगति

# नेपा संस्थान को पुनर्जीवित करने में सफल भी रहे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**नेपानगर.** नेपा लिमिटेड की 77वीं वार्षिक साधारण सभा मिल के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सभागार में हुई। शुरुआत में कंपनी सचिव निधि मिश्रा ने एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

अध्यक्षता कर रहे नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने बैठक में निदेशकों और अतिथियों का धन्यवाद किया और कंपनी की प्रगति में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में हमने संतोषजनक प्रगति की है। हमने कई चुनौतियों का सामना किया, जिनमें संयंत्र संचालन की स्थिरता, कच्चे माल की उच्च लागत और नए कार्यबल के प्रशिक्षण शामिल थे। सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए और संस्थान को पुनर्जीवित करने में सफल भी रहे जिससे हम ग्राहकों और बाजार में विक्रय योग्य उत्पाद प्रदान कर सकें। नेपा लिमिटेड ने उत्पादन में उत्तरोत्तर प्रगति की है और अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में लेखन और प्रिंटिंग पेपर को भी शामिल किया है, जो हमारी क्षमताओं को बढ़ाता है। जल्द ही हम अपने उत्पादों पर सम्मानजनक लाभ अर्जित कर पाएंगे। हम मानव संसाधन और समर्पित कार्यबल के साथ संस्थान के भाग्य को बदलने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। हम कर्मचारियों के लिए काम की स्थितियों में सुधार करने और समाज के प्रति जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## रिसाइकल तकनीक से कम किया प्रदूषण

सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने आगे कहा हमने रिसाइकल तकनीक को अपनाकर पर्यावरण की स्थिति में सुधार किया है जिससे नेपानगर और आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण में कमी आई है।

हम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और शासकीय योजनाओं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत अभियान के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए सतत काम कर रहे हैं। इस वार्षिक साधारण सभा में स्वतंत्र निदेशक और ऑडिट, नामांकन और पारितोषिक समिति के अध्यक्ष मिलिंद शरदचंद्र कानडे, नामित निदेशक मप्र शासन अतुल कुमार मिश्रा वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। साथ ही निदेशक वित्त पीके नाइक, केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उप सचिव केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय अरुण कुमार सरकार, महाप्रबंधक एमपीआईडीसी राजेश भारती, मुख्य महाप्रबंधक कार्य और परियोजना आर अलागेसन, महाप्रबंधक वाणिज्यिक और विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र कुमार मेहता, प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केसरी, मुख्य वित्त अधिकारी विकास रेड्डी, कंपनी के स्टैट्यूटरी ऑडिटर्स भी उपस्थित थे।

30/10/2024 | burahanpur | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

# नेपा मिल में रिसाइकिल तकनीक अपनाने से प्रदूषण में आई कमी : राकेश चोखानी

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

● प्रशासनिक भवन में आयोजित वार्षिक साधारण सभा में प्रस्तुत की रिपोर्ट



नेपा मिल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते सीएमडी राकेश चोखानी। ● सौजन्य

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगर:** नेपा लिमिटेड की 77वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन प्रशासनिक भवन में किया गया। कंपनी के सचिव निधि मिश्रा ने एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

मिल के सीएमडी राकेश चोखानी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कंपनी ने संतोषजनक प्रगति की है। कई चुनौतियों का सामना किया। इनमें संयंत्र संचालन की स्थिरता, कच्चे माल की उच्च लागत और नए कार्यबल के प्रशिक्षण शामिल थे। बावजूद इसके अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में लेखन और प्रिंटिंग पेपर को भी शामिल किया है। जो हमारी क्षमताओं को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि रिसाइकल तकनीक को अपनाकर पर्यावरण की स्थिति में सुधार किया है। जिससे नगर और क्षेत्र प्रदूषण में कमी आई है।

चोखानी ने कहा कि मानव संसाधन और समर्पित कार्यबल के साथ संस्थान के भाग्य को बदलने के लिए अथक प्रयास और परिश्रम कर रहे हैं।

राकेश चोखानी ने कहा कि वार्षिक साधारण सभा में स्वतंत्र निदेशक और आडिट, नामांकन और पारितोषिक समिति के अध्यक्ष मिलिंद शरदचंद्र कानडे, नामित निदेशक मध्य प्रदेश शासन अतुल कुमार मिश्रा वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। नेपा मिल के निदेशक वित्त पीके नाइक, केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उप सचिव केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय अरुण कुमार सरकार, महाप्रबंधक एमपीआइडीसी राजेश भारती सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने रिपोर्ट की तारीफ की।